भड़के सांसद बोले, हमलावरों को जूते मारकर बंद क्यों नहीं करते, पुलिस से नोकझोंक

शांतिभंग की आशंका पर पुलिस ने सुमन को अलीगढ़ जाने से रोका

सांगा पर संग्राम

आगरा, वरिष्ठ संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन शुक्रवार को नजरबंद कर लिए गए। वे मारपीट के शिकार दलित युवकों से मिलने अलीगढ़ जा रहे थे। सुबह ही पुलिस ने उनके आवास को छावनी में बदल दिया। उन्हें निकलने नहीं दिया। गुस्साए सांसद धरने पर बैठ गए। शाम चार बजे तक पुलिस का पहरा रहा।

सपा सांसद के अलीगढ़ जाने की जानकारी लगते ही पुलिस ने सुबह 10 बजे ही उनके आवास को घेर लिया। कॉलोनी के मुख्य दरवाजे की ओर से आने वाले रास्ते पर बेरीकेडिंग लगा दी गई। जबकि हरीपर्वत चौराहे वाले रास्ते को बंद करके पुलिस का घेरा बिठा दिया। सांसद घर से बाहर आए तो पुलिस ने रोक लिया। एसीपी विनायक भोंसले ने कहा कि उनकी सुरक्षा के मद्देनजर यह इंतजाम किया गया है। इस पर सांसद भड़क गए। बोले कि- 'हमलावरों को जूते मारकर बंद क्यों नहीं करते हैं। आप मेरा इंतजाम करते हैं, उनका इंतजाम क्यों नहीं करते।' एसीपी बोले 'उन पर भी कार्यवाही की जाएगी।' इस पर सांसद का कहना था कि- 'अब तक के परिणामों से ऐसा लगता नहीं है।' इसके बाद काफी देर तक सांसद और पुलिस के आला अफसरों के बीच नोकझोंक होती रही। नाराज सुमन जमीन पर बैठ गए, धरना दिया। शाम चार बजे तक पुलिस ने किसी को हिलने नहीं दिया। इसके बाद सांसद अपने आवास में चले गए। इस दौरान महानगर अध्यक्ष वाजिद निसार, सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र यादव, दिवाकर गुर्जर, सलीम शाह, गौरव यादव, पवन प्रजापति, शैलेश यादव, राजकुमार सिंघल, शाहिद कुरैशी, अवनींद्र यादव, गंभीर सिंह, मोनू जाटव, प्रवीण बघेल, अवनीश सागर, राहुल चौधरी, डॉ. एमए गौरी, राजपाल बाबा, जमील सिद्दीकी, रवि सागर, डॉ. राजवीर, राधेश्याम प्रधान, लल्ला गुर्जर, ब्रजेश अंबेश, उस्मान मौजूद रहे।

रामजीलाल सुमन से निवास पर वार्ता करते पुलिस अधिकारी।

आपका भविष्य उज्ज्वल, जल्दी कप्तान बनेंगे

सांसद सुमन ने एसीपी विनायक भोंसले से कहा कि अगर उन्हें नहीं जाने दिया जा रहा तो पीड़ित लड़कों को लेकर आ जाइए। एसीपी ने कहा कि पीड़ितों को खुद यहां लाएंगे तो सांसदजी को भी अच्छा नहीं लगेगा। इस पर सांसद बोले कि आपका भविष्य बहुत उज्जवल है। आप आधे पुलिस वाले और आधे नेता है। जल्दी कप्तान बनेंगे। एसीपी ने कहा कि आपके आशीर्वाद के लिए शुक्रिया, हमें तो देश सेवा करनी है।

हमारे लोग तलवार लेकर चलेंगे तो क्या करोगे

पुलिस के आला अफसरों से नोकझोंक के बीच सांसद ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ अब तक जो कार्यवाही की गई है, उससे क्या संदेश गया है? करणी सेना में ऐसा कौन है जिसके खिलाफ आपराधिक मुकदमे नहीं हैं। कल उनके (समाजवादी) लोग अगर हरीपर्वत थाने के सामने तलवारें लेकर चलेंगे तो उन्हें पता है कि पुलिस क्या करेगी। कानून-व्यवस्था में यह दोहरापन अब नहीं चल पाएगा।

'उत्तर प्रदेश में दलितों पर अत्याचार की बाढ़ आई'

आगरा। खुद को नजरबंद किए जाने के दौरान सांसद रामजीलाल सुमन ने प्रदेश सरकार पर तगड़े आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दलितों पर अत्याचार की बाढ़ आ गई है। 26 अप्रैल को अलीगढ़ में डॉ. आंबेडकर पर वीडियो बनाते तीन युवकों को निर्वस्त्र करके पिटाई की गई। पुलिस ने उल्टे उन्हीं का 151 में चालान कर दिया। उनके शरीर पर जख्म के निशान हैं। इसी तरह बुलंदशहर के सुनहरा गांव में दलित उत्पीड़न की घटना के पीड़ितों से मिलने जाते वक्त उन पर जानलेवा हमला किया गया। इस पर भी पुलिस ने आरोपियों का 151 में चालान करके छोड़ दिया। अपराधियों के साथ मेहमानों सा व्यवहार हो रहा है। मुख्यमंत्री रामराज्य कह रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश की स्थिति को बद से बदतर करार दिया है। अपराधियों में संदेश है कि यूपी में उनके मिजाज की सरकार है। सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इसीलिए ताबड़तोड़ घटनाएं हो रही हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि उन्हें लगता है कि यह सारी गतिविधियां मुख्यमंत्री कार्यालय से संचालित की जा रही हैं।

सब सरकार के इशारे पर हो रहा है

जब पुलिस ने सांसद से कहा कि आपकी सुरक्षा के मद्देनजर यह किया जा रहा है। इस पर सांसद ने कहा कि दिक्कत तो यही है कि आप हमारी सुरक्षा नहीं कर रहे हैं। 22 मार्च से धमकियां मिल रहीं, 26 को घर पर हमला हो गया, 12 अप्रैल को हमलावर हथियारों समेत प्रदर्शन कर गए। 27 को अलीगढ़ में हमला हुआ। बता दीजिए कि सुरक्षा कहां कर रहे हैं। कहा कि प्रदेश में जगह-जगह आंबेडकर की प्रतिमाएं तोड़ी जा रही हैं। कहा, सब सरकार के इशारे पर हो रहा है।

सपा सांसद के खिलाफ खेरागढ़ में नारेबाजी और हंगामा

आगरा। सपा के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के आवास को अलीगढ़ जाने पुलिस ने रोक लिया, लेकिन शुक्रवार शाम को जैसे ही वह खेरागढ़ क्षेत्र में गए करणी सेना ने घेर लिया। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने उनके काफिले को बाजार में रोक लिया। इसके बाद उनके खिलाफ नारेबाजी की। उनकी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी और निजी सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को संभाला। पुलिस ने करणी सेना के कार्यकर्ता को हिरासत में ले लिया। सांसद रामजीलाल सुमन शाम लगभग छह बजे अपने आवास से खेरागढ़ क्षेत्र के लिए निकले। वह नगला कमाल स्थित कार्यकर्ता के घर शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। इसी दौरान खेरागढ़ चौराहे पर करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रास्ता रोकते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। रात लगभग साढ़े आठ बजे सांसद सुमन अपने घर पहुंचे। उन्होंने खेरागढ़ में हुई घटना पर आक्रोश व्यक्त किया। एसीपी खेरागढ़ इमरान ने बताया कि करणी सेना का विवेक सिकरवार था उसने रामजीलाल सुमन को देखकर नारेबाजी की गई थी उसको पुलिस ने हिरासत में लिया है।

पहले जयपुर वारंट तामील कराओ बाद में छुट्टी मिलेगी

आरोप

किरावली, हिन्दुस्तान संवाद। अछनेरा थाने में तैनात रहे निलंबित दरोगा सोबरन यादव का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में दरोगा ने थाना प्रभारी पर प्रताड़ना और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं।

निलंबित दरोगा ने आरोप लगाया है कि उसे जानबूझकर रात की ड्यूटी में लगाया जाता था। रात ड्यूटी में जब उन्होंने अवैध खनन वालों को पकड़ा तो थाना प्रभारी ने उन्हें छोड़ दिया। दरोगा का कहना है कि जब उन्होंने अपनी बेटी की सगाई के लिए तीन दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र दिया तो थाना प्रभारी ने कहा कि पहले जयपुर जाकर वारंट तामील कराकर आओ। इसके बाद छुट्टी मिलेगी। वीडियो में दरोगा का आरोप है कि बेटी की सगाई का हवाला देने पर थाना प्रभारी ने न सिर्फ प्रार्थना पत्र फाड़ दिया, बल्कि उनके साथ गाली गलौज और अभद्रता भी की। इधर, एसीपी अछनेरा गौरव सिंह का कहना है कि इस मामले में विभागीय जांच शुरू हो गई है। दरोगा की शिकायतों पर एसीपी खेरागढ़ जांच कर रहे हैं। अवैध खनन की जांच भी वह कर रहे हैं।

विवाहिता की मौत के नौ माह बाद ससुराली फंसे

आगरा। सिकंदरा थाना क्षेत्र में नौ महीने पूर्व विवाहिता रीना की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में पुलिस ने अदालत के आदेश पर नौ माह बाद मुकदमा दर्ज किया है। तब भी मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया था पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। इस पर परिजनों ने बाद में कोर्ट की शरण ली।

अरसेना निवासी पिता बनवारी सिंह ने बताया कि एक दिसंबर 2016 को बेटी मिथलेश और रीना की शादी गांव थापी के सोरन और घनश्याम नाम के भाइयों से एक ही मंडप में की थी। शादी के बाद से ही ससुर लाखन सिंह, सास कृष्णा, देवर पवन, ननद प्रीति, सोरन सिंह और घनश्याम अतिरिक्त दहेज की मांग कर बेटियों को परेशान करते थे। कई बार पंचायतें भी हुईं पर वह नहीं माने। 25 जुलाई 2024 को आरोपियों ने बेटी रीना से मारपीट कर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

ठग कंपनी चलाने वाले पिता-पुत्री पर मुकदमा

कार्रवाई

आगरा, प्रमुख संवाददाता। क्रिप्टो में निवेश कर 20 माह में रकम दोगुना करने का झांसा देकर लाखों की ठगी के आरोप में पिता-पुत्री पर मुकदमा दर्ज हुआ है। मुकदमा कोर्ट के आदेश पर लिखा गया है। आरोप है कि पूर्व में उन्होंने कुछ लोगों से चार करोड़ ठगे थे। यह नया मामला है। इसमें 96.46 लाख की ठगी का आरोप है।

जगनपुर न्यू आगरा निवासी रामप्रकाश शर्मा ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर साइबर क्राइम थाना में मुकदमा लिखा गया है। इसमें आवास विकास कॉलोनी सेक्टर सात निवासी नरेंद्र सिसौदिया और उनकी बेटी दीक्षा को आरोपी बनाया है। पीड़ित ने मुकदमे में लिखवाया है कि जुलाई 2021 में रामप्रकाश से मुलाकात हुई थी। आरोपित ने अपने एक दोस्त की कंपनी के बारे में बताया। जानकारी दी कि क्रिप्टो में निवेश करने पर 20 माह में रकम दोगुनी हो जाएगी। उनसे और उनके परिचितों से 96.46 लाख रुपये का निवेश करा लिया। ठगी के लिए कंपनी बनाई गई थी। रकम नहीं लौटाई। पुलिस ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर नरेंद्र कुमार सिसौदिया, बेटी दीक्षा, गाजियाबाद निवासी अजय कुमार, लखनऊ के विनय कुमार, बागपत के विनोद कुमार आदि के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

यू.पी. पोस्टल प्राइमरी को-ऑपरेटिव बैंक लि०
U.P. POSTAL PRIMARY CO-OPERATIVE BANK LTD.
3, वाल्मीकि मार्ग, लालबाग, लखनऊ
Registration No. 56-/27/08/1915
सावधि जमा पर सर्वाधिक ब्याज @ 9% ★
110 वर्षों से सतत सेवारत
भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकिंग लाइसेंस प्राप्त RBI LICENSE UBD756P
जमा, बीमा एवं ऋण गारन्टी निगम भारत सरकार द्वारा गारंटीकृत
मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग एवं यू.पी.ई. सेवा जल्द ही उपलब्ध
for more details visit www.upppcbl.com or Contact : 8429000507
शाखायें : आगरा, प्रयागराज, बरेली, गोरखपुर, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर, झांसी, कानपुर, वाराणसी पुरनिया एवं विस्तारपटल मुख्य शाखा लखनऊ * शर्तें लागू।

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
A++ NAAC
Advt.No.:CSJMU/Gen.Admin/359/Reg.Teacher/2025 Date : 01.05.2025
Advt.No.:CSJMU/Gen.Admin/360/SFS-Teaching/2025 Date : 01.05.2025
Advt.No.:CSJMU/Gen.Admin/361/SFS-Non-Teaching/2025 Date : 01.05.2025
नियुक्ति-सूचना
विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूल ऑफ स्टडीज / विभागों में अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षकों की नियमित / संविदात्मक तथा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आई. आर.ए.सी. सेल के समन्वयक पद की नियुक्ति हेतु **दिनांक 02.05.2025** से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **आवेदन की अन्तिम तिथि 31.05.2025 है।** इस विज्ञापन से सम्बन्धित सभी विवरण, शुद्धिपत्र एवं अद्यतन सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.csjmu.ac.in** के Recruitment Tab के अन्तर्गत उपलब्ध हैं।
कुलसचिव

GALGOTIAS UNIVERSITY NOW RANKED AMONGST THE WORLD'S BEST
TOP RANKED IN QS ASIA
& THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
QS World University Rankings: Galgotias University 187 Southern Asia; ASIA RANKED 2025 | Galgotias University 621-640 ASIA RANKED 2025
THE World University Rankings 2025
45th Among Top Indian Universities - both Govt. & Private in 1000-1200 Band - Worldwide
AI led Active Learning Campus
IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH
InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE
SCHOOL OF AGRICULTURE
Under Graduate Program
• B.Sc (Hons.) Agriculture
Post Graduate Programs
• M.Sc (Agriculture) Agronomy
• M.Sc (Agriculture) Entomology
• M.Sc (Agriculture) Soil Science
• M.Sc (Hort.) Fruit Science
• MBA (Agribusiness Management)
• MBA (Agribusiness Management) in association with SABM (New)
GALGOTIAS UNIVERSITY
(Under the Uttar Pradesh Private Universities Act No.12 of 2019)
#GetYourSelfPlaced
For the complete list of programmes offered and to apply online visit
2025-26 SESSION ADMISSION OPEN
www.galgotiasuniversity.edu.in
+91 9582847072 / +91 9717300418
+91 9810162221 / +91 120 4370000

अभिनेत्री, मिस वर्ल्ड, समाज सेविका
मानुषी छिल्लर
विशाल के लेटेस्ट फैशन में
"विशाल मेगा मार्ट के फैशन की मैं फैन हूँ. पर विशाल से मेरा रिश्ता और भी गहरा हुआ हमारी एक जैसी सोच की वजह से - अच्छा दिखने के लिए अच्छा करना भी ज़रूरी है."

सबसे बड़े फैशन ऑफ़र्स
टी-शर्ट ₹199 खरीदें 3 पायें ₹80 छूट
कुर्ता ₹799 खरीदें 2 पायें ₹250 छूट
ड्रेस ₹499 खरीदें 2 पायें ₹100 छूट
जींस ₹799 खरीदें 2 पायें ₹250 छूट
मेंस शर्ट ₹599 खरीदें 2 पायें ₹200 छूट
VISHAL MEGA MART